Chapter- 8

सर्वनाम (व्याकरण)

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हे, सर्वनाम कहते हैं।
  उदाहरण- मैं, वह, हम आदि।
- सर्वनाम के छः भेद होते हैं।
  पुरूषवाचक सर्वनाम, निश्चयवाचक सर्वनाम, अनिश्चयवाचक सर्वनाम, प्रश्नवाचक सर्वनाम, संबंधवाचक सर्वनाम, निजवाचक सर्वनाम।

- **पुरूषवाचक सर्वनाम:** जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वोलनेवाले, सुननेवाले या अन्य व्यक्ति के लिए किया जाता है, उन्हे पुरूषवाचक सर्वनाम कहते हैं।
  पुरूषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं-
  i) उत्तम पुरूष- मैं (बोलनेवाला)
  ii) मध्यम पुरूष- तुम (सुननेवाला)
  iii) अन्य पुरूष- वह (अन्य सभी के लिए)

- **निश्चयवाचक सर्वनाम-** जो सर्वनाम शब्द निश्चत प्राणी या वस्तु की और संकेत करते हैं, उन्हे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
  जैसे- यह, वह, ये, वे आदि।

- **अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जो सर्वनाम शब्द किसी अनिश्चत प्राणी या वस्तु की ओर संकेत करते हैं उन्हे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
  जैसे- कोई, कुछ, किसी

- **प्रश्नवाचक सर्वनाम-** जो सर्वनाम शब्द प्रश्न पूछने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।
  जैसे- कौन, क्या, किसे, किसका, कहाँ

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- **संबंधवाचक सर्वनाम-** जो सर्वनाम शब्द वाक्य में दूसरे सर्वनाम या संज्ञा शब्द से संबंध बताने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

  जैसे- जो- सो, जिसका-उसका आदि

- **निजवाचक सर्वनाम-** जिन सर्वनामों का प्रयोग अपने लिए किया जाता है उन्हे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।

  जैसे- स्वयं, खुद, अपने- आप आदि

आइए, अब लिखें-

१. निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द द्वारा खाली स्थान भरिए।

क) आप **किससे** मिलना चहते हैं?

ख) देखो, ऊपर **वह** चढ़ा है?

ग) **जिसने** परिश्रम किया, **उसने** इनाम पाया।

घ) राधिका अपना काम **स्वयं** कर रही है।

ङ) **यह** यश का भाई है।

२. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए।

प्यास लगने पर **मैं** जंगल में पानी की खोज में आगे बढ़ा। **मैंने** देखा कि थोढ़ी दूर पर एक कुआँ है। **वहाँ** कुछ बालक खड़े हैं। **उनकी** बातचीत से लग रहा था कि **उनसे** **कोई** चीज खो गई है। **मुझे** देखकर **वे** **अपने-आप** **मेरे** पास आ गए।

३. सही (✓) अथवा गलत (✗) का चिह्न लगाइए।

क) कौन और क्या प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं। (✓)

ख) निश्चित वस्तु के लिए अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग होता है। (✗)

ग) पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं। (✓)

घ) 'अपना कार्य स्वयं करो।' वाक्य में निजवाचक सर्वनाम है। (✓)

ङ) सर्वनाम विशेषण के स्थान पर आते हैं। (✗)

४. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेदों के नाम बताइए।

क) मुझे **कुछ** काम करना हैं। — अनिश्चयवाचक

ख) आप **कहाँ** जा रहे हैं? — प्रश्नवाचक

ग) **वह,** तुम और में शहर चलेंगे। — पुरूषवाचक

घ) **जो** लंबा लड़का है, **वह** मेरा मित्र है। — संबंधवाचक

ङ) **मेरा** बस्ता भारी हो गया है। — पुरूषवाचक

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow